माँ लक्ष्मी आरती

ॐ जय लक्ष्मी माता,
मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशदिन सेवत,
मैया जी को निशदिन सेवत,
हरि विष्णु विधाता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

उमा रमा ब्रह्माणी,
तुम ही जगमाता,
मैया तुम ही जगमाता।
सूर्य चन्द्रमा ध्यावत,
नारद ऋषि गाता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

दुर्गा रूप निरंजनी,
सुख सम्पत्ति दाता,
मैया सुख सम्पत्ति दाता।

जो कोई तुमको ध्यावत,
ऋद्धि-सिद्धि धन पाता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

तुम ही पाताल निवासिनि,
तुम ही शुभदाता,
मैया तुम ही शुभदाता।
कर्म प्रभाव प्रकाशिनी,
भवनिधि की त्राता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

जिस घर में तुम रहती,
सब सद्गुण आता,
मैया सब सद्गुण आता।
सब सम्भव हो जाता,
मन नहीं घबराता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

तुम बिन यज्ञ न होते,
वस्त्र न कोई पाता,

मैया वस्त्र न कोई पाता।
खान पान का वैभव,
सब तुमसे आता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

शुभ गुण मंदिर सुन्दर,
क्षीरोदधि जाता,
मैया सुन्दर क्षीरोदधि जाता।
रत्न चतुर्दश तुम,
बिन कोई नहीं पाता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता॥

महालक्ष्मी जी की आरती,
जो कोई नर गाता,
मैया जो कोई नर गाता।
उर आनन्द समाता,
पाप उतर जाता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता,
मैया जय लक्ष्मी माता।

तुमको निशदिन सेवत,
मैया जी को निशदिन सेवत,
हरि विष्णु विधाता॥

ॐ जय लक्ष्मी माता,
मैया जय लक्ष्मी माता॥[1]

[1] **सौजन्य से:**

धर्मयात्रा (DharmYaatra)

वेबसाइट: https://dharmyaatra.in/

व्हाट्सऐप नंबर: +917410957600

नोट: यदि आप वैदिक ज्ञान 🔱, धार्मिक कथाएं 🕉️, मंदिर व ऐतिहासिक स्थल 🛕, भारतीय इतिहास, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य 🧠, योग व प्राणायाम 🧘‍♂️, घरेलू नुस्खे 🥥, धर्म समाचार 📰, शिक्षा व सुविचार 👣, पर्व व उत्सव 🪔, राशिफल 🌌 तथा सनातन धर्म की अन्य धर्म शाखाएं ☸️ (जैन, बौद्ध व सिख) इत्यादि विषयों के बारे में प्रतिदिन कुछ ना कुछ जानना चाहते हैं तो आपको धर्मयात्रा संस्था के विभिन्न सोशल मीडिया खातों से जुड़ना चाहिए। उनके लिंक हैं:

व्हाट्सएप ग्रुप   व्हाट्सएप चैनल

फेसबुक पेज   इंस्टाग्राम प्रोफाइल